BSES

बीएसईएस टीम पर हमला, रिटायर्ड एसीपी का सिर फोड़ा

नई दिल्लीः 28 फरवरी, 2018। मुंडका के कमरूद्दीन नगर में अपनी ऑफिशियल ड्यूटी निभाने गई बीएसईएस टीम पर कल गुंडों ने लोहे के रॉड्स से हमला कर दिया। हमलावरों ने रिटायर्ड एसीपी व वर्तमान में बीएसईएस अधिकारी श्री संतोष कुमार सिंह का सिर फोड़ दिया। उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। हमले के बाद उन्हें संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनके सिर में छह टांके लगाए गए। इस मामले में निहाल विहार पुलिस स्टेशन में बीएसईएस की ओर से एक शिकायत भी दर्ज कराई गई है। कार्य के दौरान बीएसईएस टीम के साथ दिल्ली पुलिस के पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।

बीएसईएस टीम कमरूद्दीन नगर इलाके में सिस्टम को अपग्रेड करने का काम करने गई थी। बीएसईएस कर्मचरियों की 20 सदस्यीय टीम में दो महिलाकर्मी भी शामिल थीं। बीएसईएस टीम अपना काम कर रही थी कि अचानक 15–20 लोगों ने हमला कर दिया।

भीड़ ने बीएसईएस की टीम पर उस वक्त हमला किया, जब दो पुलिसकर्मी लंच के लिए गए थे। इससे साफ है कि काफी योजनाबद्ध तरीके से इस हमले को अंजाम दिया गया।

इस इलाके के बारे में बता दें, कि यहां बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी होती है। मुंडका डिविजन के अंतर्गत आने वाले कमरूद्दीन नगर में अभी भी करीब 55 प्रतिशत बिजली की चोरी हो रही है। यहां काफी संख्या में अवैध प्लास्टिक फैक्ट्रियां हैं, जो चोरी की बिजली से चलाई जा रही हैं। इन अवैध फैक्ट्रियों से भारी मात्रा में प्रदूषण भी फैल रहा है। साथ ही, गैरकानूनी व असुरक्षित तरीके से बिजली के इस्तेमाल के कारण, ये फैक्ट्रियां इलाके के निवासियों की सेफ्टी के लिए भी खतरनाक हैं।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, बीएसईएस टीम पर यहां हुआ हमला अपनी तरह का पहला मामला नहीं है। अनियमितताओं को चेक करने गईं डिस्कॉम टीमों पर असामाजिक तत्वों द्वारा आए दिन हमले किए जाते हैं। ये तत्व संगठित गैंग्स की तरह हमलों को अंजाम देते हैं। इन कथित संवेदनशील इलाकों में जब भी डिस्कॉम की टीमें जाती हैं, आपराधिक तत्व उन्हें घेर लेते हैं और उनके ऑफिशियल कार्य में बाधा डालते हैं। यहां बिजली की चोरी ने एक संगठित अपराध का रूप ले लिया है और इस पर काबू पाने के लिए पुलिस से और भी अधिक सहयोग की जरूरत है।

अधिक बिजली चोरी वाले इलाकेः

कड़ी कार्रवाइयों के बावजूद कई इलाकों में अभी भी अधिक बिजली चोरी हो रही है। ऐसे इलाकों में शामिल हैं– नजफगढ़, मुंडका, बदरपुर, शाहीन बाग, करावल नगर, सीलमपुर, मंडावली, चांदनी महल, नंद नगरी, तुर्कमान गेट, यमुना विहार, दरियागंज और दल्लुपुरा।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उदयम हैं।